an>

Title: Regarding law and order situation in Bihar.

श्री अश्विनी कुमार चौबे **(बक्सर) :** उपाध्यक्ष महोदय, बहुत बहुत धन्यवाद। मैं एक अति संवेदनशील और ज्वलंत मुद्दे की तरफ सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूँ। परसों ही बिहार में हमारे संसदीय क्षेत्र बक्सर में एक पुलिसकर्मी को थाने के अंदर ज़िन्दा जलाया गया। यह बहुत ही हृदय विदारक है। मदन यादव नाम के चौकीदार को ज़िन्दा जलाया गया। इतना ही नहीं, वहाँ से 300 मीटर पर पुलिस थाना था लेकिन तीन घंटे तक वहाँ कोई नहीं पहुँचा। इस घटना का अंजाम इसलिए हुआ कि ट्रक से पैसे वसूल करते थे। लेकिन जब ट्रक ने भागते हुए छः लोगों को पागल की तरह रौंदते हुए मार दिया, तो उसमें दर्जनों लोग घायल हैं। ...(व्यवधान) पुलिस प्रशासन के जंगल राज की बात बिहार में हो गई। कोई पुलिस वहाँ तीन घंटे तक तक नहीं पहुँचती है। यह कैसा राज्य है? सुशासन बाबू कुशासना् चलाते हैं बिहार में और बिहार जंगल राज में परिणत हो गया है। पूरा बिहार धू-धू करके जल रहा है। आज बिहार को बचाने के लिए कोई नहीं है। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER :

Shri Janardan Singh Sigriwal and

Shrimati Veena Devi are permitted to associate with the issue raised by Shri Ashwini Kumar Choubey.